जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्र.जीविवि/परीक्षा-2/गोपनीय/2018/318 दिनांक 05.04.2018

// अधिसूचना //

विश्वविद्यालय क्षेत्रांतर्गत सम्बद्ध समस्त अशासकीय महाविद्यालयों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा माह **मार्च 2018** में स्नातक स्तर पर असंस्थागत छात्रों (Private Students) की परीक्षायें सम्पन्न की जाना है।

विश्वविद्यालय कार्यपरिषद की बैठक दिनांक 28 मार्च 2018 के पद क्रमांक (अ-अ-02) में लिये गये निर्णयानुसार ऐसे अशासकीय महाविद्यालय (अनुदानित महाविद्यालयों को छोड़कर) जिनको स्थापित हुये 10 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं तथा जिनका स्वयं का भवन हो एवं ऐसे महाविद्यालयों में विश्वविद्यालय परिनियम 28(17) के अंतर्गत नियुक्त स्थायी प्राचार्य/शिक्षक हों। विश्वविद्यालयीन असंस्थागत (Private Students) छात्रों की परीक्षाओं हेतु परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषित करने के पात्र माने जावेंगे।

अतः जो अशासकीय महाविद्यालय असंस्थागत छात्रों (Private Students) के परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषित करने के इच्छुक हैं, वह अपना आवेदन निम्न दस्तावेजों के साथ परीक्षा नियंत्रक के कक्ष में दिनांक 07.04.2018 तक प्रातः 11.00 बजे से सांय 05.00 बजे तक अनिवार्य रूप से जमा करायें, जिससे उनके आवेदनों पर विचार किया जा सके। **इस तिथि के पश्चात् किसी आवेदन पत्र पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा।**

आवेदन पत्र के साथ संलग्न दस्तावेजों का परीक्षण किया जावेगा। परीक्षणोपरांत पात्र महाविद्यालयों के आवेदन पत्र भरवाए जावेगें।

आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत किये जाने वाले प्रपत्रों की सूचीः-

1. महाविद्यालय के लेटर हेड पर असंस्थागत छात्रों (Private Students) के परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषित करने हेतु आवेदन पत्र।
2. महाविद्यालय की विश्वविद्यालय से सत्र 2017-18 की सम्बद्धता के पत्र की छायाप्रति।
3. महाविद्यालय की स्थापना के 10 वर्ष पूर्ण होने का प्रमाण पत्र।
4. महाविद्यालय के अंतर्गत 28(17) परिनियम के अनुसार नियुक्त प्राचार्य एवं शिक्षकों की विश्वविद्यालय से अनुमोदित सूची।
5. महाविद्यालय के स्वयं के भवन को सत्यापित करने वाले प्रपत्र की सत्यापित छायाप्रति।

परीक्षा नियंत्रक